>

Title: Need to undertake repair of National Highway No. 86 between Makronia to Chhattarpur in Madhya Pradesh.

श्री भूपेन्द्र सिंह (सागर): मेरे संसदीय क्षेत्र सागर (मध्य प्रदेश) में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 86 में मकरोनिया से छतरपुर खंड के बीच 80 किलोमीटर मार्ग जीर्ण-शीर्ण हालत में है जिस कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिनमें छात्र-छात्राओं सहित अनेक नागरिकों की मृत्यु हो चुकी है। इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे होने से वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और यातायात सुगम नहीं रहा। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 86 के इस खंड को सुधारने के लिए केन्द्रीय मंत्रालय से लगातार अनुरोध किए जाने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। इस मार्ग को सुधारने में बरती जा रही घोर उपेक्षा से नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। अतः अनुरोध है कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 86 के मकरोनिया-छतरपुर खंड को सुधारने का कार्य शीघ्र कराया जाये।